## एक नजर में

### महोत्सव के निमंत्रण पत्र का लोकार्पण



**इंदौर.** निपान्या स्थित अंतर्राष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) मंदिर पर 19 अप्रैल को अपराह्न 4 बजे से भगवान राधा गोविन्द एवं राम दरबार, दो अलग-अलग फूलों से सुसज्जित कमल पुष्प की आकृति वाली नौकाओं में विराजित होकर मन्दिर के कुंड में नर्मदा के पवित्र जल तथा सप्त सरोवर के जल में विहार करेंगे और अपने भक्तों को दर्शन देंगे. जल में सुगन्धित द्रव्यों का भी उपयोग होगा. इसके पूर्व मंदिर परिसर में भगवान की पालकी यात्रा भी निकाली जाएगी और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे. इस्कॉन मंदिर इंदौर के अध्यक्ष एवं इस्कॉन इंडिया के वाइस चेयरमैन स्वामी महामनदास प्रभु ने बताया कि मंदिर परिसर स्थित इस आनंदमय नौका विहार के दौरान मंगलमय गौर आरती एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे जिनमें दिव्य हरि कथा, प्रवचन एवं अन्य उत्सव भी शामिल हैं. शहर के सभी प्रमुख धार्मिक सामाजिक संगठनों एवं विशिष्टजनों को इस महोत्सव में आमंत्रित किया गया है. विधायक एवं जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने शुक्रवार को इस महोत्सव के निमंत्रण पत्र का लोकार्पण किया. इस मौके पर भक्त मंडल के हरि अग्रवाल, अशोक गोयल, किशोर गोयल, गिरधर गोपाल दास, अद्विधरण प्रभु, भक्त वत्सलदास, डॉ. लक्ष्मण दास सहित अनेक भक्त और संत भी मौजूद थे जिन्होंने महोत्सव की जानकारी प्रदान की. भक्त मंडल की ओर से इस अवसर पर मंत्री तुलसी सिलावट एवं महापौर पुष्यमित्र भार्गव से मांग की गई कि वे इस्कॉन मंदिर वाली सड़क एवं तालाब का नामकरण इस्कॉन के संस्थापक भक्ति वेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद के नाम पर करने की जनभावना को मंजूरी प्रदान करें।

### मधुमेह व मोटापे से मुक्ति के लिए शिविर आज से



**इंदौर.** मधुमेह एवं मोटापे जैसे रोगों से मुक्ति एवं राहत दिलाने के उद्देश्य से अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति, बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में श्रीमती नीना देवी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में चलाए जा रहे स्वास्थ्य परीक्षण अभियान के अंतर्गत छठां शिविर 18-19 अप्रैल को एयरपोर्ट रोड स्थित बाबाश्री रिसोर्ट पर सुबह 8 बजे से आयोजित होगा. शिविर की तैयारियों को लेकर पश्चिमी क्षेत्र के 25 अग्रवाल संगठनों की बैठक में शिविर का लाख उठाने के लिए अधिक से अधिक समाज बंधुओं को प्रेरित करने का संकल्प लिया गया. इस शिविर में रक्तदान के लिए भी विशेष व्यवस्था उपलब्ध रहेगी. शिविर की तैयारियों को लेकर बाबाश्री रिसोर्ट पर आयोजित बैठक में समाजसेवी जगदीश गोयल बाबाश्री, नारायण अग्रवाल 420 वाले, गोपाल गोयल, संजय अग्रवाल गोल्ड क्वाइन, तृप्ति गोयल, राधा अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल, स्वाति गोयल, भारती अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल एवं नितिन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पश्चिमी क्षेत्र के अग्रवाल संगठनों के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी मौजूद थे. क्षेत्रीय संयोजक जगदीश बाबाश्री ने अंत में आभार माना. बैठक में शिविर संयोजक किशोर गोयल, अरविन्द वेल्यूअर एवं शीतल तोडीवाला ने बताया कि अब तक शहर में 5 बड़े शिविरों का आयोजन हो चुका है जिनमें करीब 5600 समाज बंधुओं ने आकर 32 तरह की निशुल्क जांचों का लाभ उठाकर मधुमेह एवं मोटापे से मुक्ति की दिशा में आगे बढ़ने का सार्थक प्रयास किया है।

### बंगाली क्लब में विशेष गीत-संगीत प्रस्तुति आज


**इंदौर।** बंगाली स्कूल एंड क्लब द्वारा बंगाली नववर्ष पौइला वैशाख के मौके पर शनिवार को गीत - संगीत का अनूठा आयोजन करने जा रहा है। यह कार्यक्रम 18 अप्रैल को शाम 7-30 बजे नवलखा काली बाड़ी रोड स्थित बंगाली क्लब परिसर में होगा। इस मौके पर संगीत कलाकार सुरोजीत चटर्जी ( भूमि बैंड) द्वारा विशेष गीत - संगीत की प्रस्तुति दी जायेगी। सुरोजीत चटर्जी कोलकात्ता के प्रसिद्ध कलाकार है, उनकी टीम के सभी 8 कलाकार इंदौर में प्रस्तुति देने आ रहे है। यह जानकारी देते हुए संस्था अध्यक्ष जयंत नाथ चौधुरी एवं सचिव रवि नंदी ने बताया कि पोइला वैशाख से बंगाली केलेंडर के अनुसार नववर्ष का प्रथम महिना का पहला दिन है। इस दिन से बंगाली नववर्ष की शुरूआत होती है। इस दिन को बंगाली समुदाय नववर्ष के रूप में धूमधाम से मनाता है।

### आईआईएमयूएन इंदौर सम्मेलन का शुभारंभ



**इंदौर.** इंडियाज़ इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस (आईआईएमयूएन), अपनी 15 वर्षों की प्रेरणादायक यात्रा के एक महत्वपूर्ण पड़ाव का जश्न मना रहा है. वर्ष 2011 में स्थापित इस संगठन का उद्देश्य 'विचार-विमर्श, संवाद और सम्मेलनों के माध्यम से भारत के विचार को विश्वभर में फैलाकर दुनिया को एकजुट करना' रहा है. आज यह संगठन 40 देशों के 275 से अधिक शहरों तक पहुँच स्थापित कर चुका है और 13 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 7.5 करोड़ से अधिक छात्रों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर चुका है. इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए, आईआईएमयूएन इंदौर सम्मेलन 2026 का आयोजन द मिलेनियम स्कूल में शुक्रवार से शुरू हुआ, जो 19 अप्रैल तक चलेगा. यह तीन दिवसीय सम्मेलन क्षेत्र भर के छात्रों को एक मंच पर लाने का सार्थक माध्यम है, जहाँ वे मॉडल यूनाइटेड नेशंस के माध्यम से विचारोत्तेजक चर्चाओं में भाग लेंगे और समकालीन राष्ट्रीय एवं वैश्विक चुनौतियों पर भारतीय दृष्टिकोण से विचार-विमर्श करेंगे. इस सम्मेलन में विशिष्ट अतिथियों के रूप में राजदूत विकास स्वरूप, पूर्व कनाडा उच्चायुक्त एवं आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग से जुड़े प्रतिष्ठित राजनयिक तथा आईएएस अनिल स्वरूप, भारत सरकार के कोयला एवं शिक्षा मंत्रालय के पूर्व सचिव एवं अक्षय कांति बाम, संस्थापक एवं अध्यक्ष, इंदौर इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार को हुई. इसके पश्चात दो दिनों तक विभिन्न समितियों में गहन चर्चा, संवाद और सामूहिक समस्या-समाधान की प्रक्रिया चलेगी.

### समाज सेविका सौम्या जैन का किया सम्मान



**इंदौर.** अभिनेत्रई, थियेटर आर्टिस्ट और सोशल वर्कर सारिका दीक्षित ने हर बार की तरह इस बार भी अपना जन्मदिन दूसरो को खुशियाँ देकर हर्षोल्लास के साथ मनाया. कालानी नगर स्थित उन्मुक्त आनंद आश्रम के गरीब बच्चों एवं बुजुर्गो के साथ सारिका ने अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया. उन्होंने बच्चों को सुंदर उपहार दिये. बच्चों ने भी सुर मिलाकर बर्थ डे गीत गाया और ग्रीटिंग कार्ड में अपनी शुभकामनाओ दी. इस मौके पर सारिका ने समाज सेविका सौम्या जैन तिलगोता का ट्रॉफी और दुपट्टा प्रदान कर सम्मानित किया. बच्चों से संवाद करते हुए सारिका ने कहा कि अपनी खुशियों में दूसरो को शामिल करने से खुशी दुगुनी हो जाती है. सौम्या जैन तिलगोता ने केक, मिठाई और टॉफी से सबका मुँह मीठा कराया. अतिथि स्वागत शशि राजकुमार तिलगोता ने किया. संचालन रोहित जैन ने किया. आभार माना सौम्या ने.

# लव जिहाद के खिलाफ बजरंग दल ने किया प्रदर्शन

▸ हाथों में तख्तियां लेकर की नारेबाजी




नव भारत न्यूज

**इंदौर. शुक्रवार को राजबाड़ा पर भाजपा के सहयोगी संगठनों ने संयुक्त रूप से लव जिहाद के खिलाफ प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के दौरान विहिप, बजरंग और दुर्गा वाहिनी से कार्यकर्ताओं ने संभल जाओ नहीं तो देश छोड़कर चले जाओ के नारे लगाए. प्रदर्शन में बड़ी संख्या में उक्त दलों से जुड़े कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लिए विरोध कर रहे थे.**

आज पूरे देश में बजरंग दल, विहिप का अमरावती और टीसीएस की घटना को देश व्यापी प्रदर्शन रखा गया था. इसी के तहत आज विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी ने संयुक्त रूप से राजबाड़ा पर जोरदार प्रदर्शन किया. इस दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ता लव जिहाद का विरोध करते हुए नारे लगाते रहे और हिंदू लड़कियों को जाल में फंसाने की हरकत बंद करने की चेतावनी दे रहे थे. साथ ही हिंदू लड़कियों को भी ऐसी किसी घटना से बचने और तुरंत बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी और पुलिस को खबर देने की हिदायत दी गई. दुर्गा वाहिनी के संयोजिका ज्योति प्रिया शर्मा ने कहा कि हिंदू लड़कियों को नशा देने और उनके वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने से जिहादी बज आए. संभल जाओ नहीं तो देश छोड़कर चले जाओ की बात कही. विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रचार प्रमुख अन्नू गेहलोत ने बताया कि इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा राष्ट्रपति के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें देश की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कठोर कदम उठाने की मांग की गई.

> **हिंदू लड़कियों को कर रहे टारगेट**
>
> बजरंग दल के विभाग संयोजक प्रवीण दरेकर ने कहा कि भारत में जिहादियों द्वारा हिंदू लड़कियों को टारगेट किया जा रहा है. निजी कंपनियों और अन्य शहरों में हिंदू लड़कियों को मुस्लिम महिला द्वारा परेशान और दोस्ती करने के लिए दबाव और इस्तेमाल किया जा रहा है. ऐसे मामलों में बजरंग दल जिहादियों को जमकर सबक सिखाएगा. इस अवसर पर अविनाश कौशल, पप्पु कोचले कृष्ण वर्मा, निकेत मंगल, अनुज वोहरा, पवन श्यामू शर्मा, पप्पी ठाकुर, लक्की रघुवंशी, आकाश हेडवे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## मैदान में मिला मजदूर का शव, सिर कुचलकर हत्या की आशंका

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित स्कीम नंबर 136 में शुक्रवार सुबह एक मजदूर का शव मिला है. खाली मैदान में पड़े शव की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की.

थाना प्रभारी तारेश सोनी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने बगीचे के पास मैदान में एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना दी है, मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं, जिससे उसकी हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है. फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है, पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर शिनाख्त के प्रयास कर रही है और मामले की जांच जारी है.


## एक ही प्लॉट की दो बार रजिस्ट्री कर लाखों की ठगी

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र में प्लॉट की फर्जी रजिस्ट्री कर ठगी का मामला सामने आया है. आरोपी ने पहले से समर्पित भूखंड की दोबारा रजिस्ट्री करवा कर धोखाधड़ी की.

थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि तुलसीनगर सेक्टर डी स्थित भूखंड क्रमांक 11 को लेकर यह फर्जीवाड़ा हुआ. आरोपी तुकाराम जामौदकर निवासी सुभाष नगर ने प्लॉट पहले ही समर्पित होने के बावजूद उसकी दोबारा रजिस्ट्री करवा दी. शिकायतकर्ता रवि सउद उम्र 58 साल निवासी बॉम्बे हॉस्पिटल क्षेत्र ने मामले की शिकायत दर्ज कराई. जांच में सामने आया कि घटना 8 नवंबर 2024 की है, जिसकी शिकायत के बाद अब प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

## सड़क में गड्ढे या भ्रष्टाचार का गड्ढा? रोज हो रहे हादसे

▸ देपालपुर-बनेड़िया-अटाहेड़ा-सांवेर मार्ग की बदहाल हालत पर सवाल



**इंदौर.** जिले के देपालपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की हालत को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया. बनेड़िया, अटाहेड़ा, देपालपुर से सांवेर मार्ग तक सड़कें जगह जगह गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं. हाल ही में करजोदा निवासी रामेश्वर चौहान गड्ढों में गिरकर घायल हो गए.

किसान नेता हंसराज मंडलोई ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सड़कों की दुर्दशा को भ्रष्टाचार का परिणाम बताया है. उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में बने कई सड़क निर्माण कार्य शुरुआत से ही गुणवत्ता विहीन हैं और कुछ समय में ही उखड़ गए, जिससे दो-दो फीट गहरे गड्ढे बन गए हैं. इन गड्ढों में गिरकर आम लोग रोज चोटिल हो रहे हैं. मंडलोई ने सीधे तौर पर सवाल उठाया है कि देपालपुर क्षेत्र में हुए इस कथित भ्रष्टाचार का जिम्मेदार कौन है. उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण कार्यों में मिलीभगत के चलते जनता को खराब सड़कों का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है. किसान नेता ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिन के भीतर बनेडिया अटाहेडा और देपालपुर सांवेर मार्ग की मरम्मत नहीं की गई और मामले की जांच सीबीआई या लोकायुक्त से नहीं कराई गई, तो अटाहेडा गांव में दोपहर के समय अर्धनग्न प्रदर्शन किया जाएगा.

## ड्रोन की नजर में ट्रैफिक : 13 दिन में 1600 चालान

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए इंदौर पुलिस ने ड्रोन पेट्रोलिंग तेज कर दी है. पिछले 13 दिनों में ड्रोन सर्विलांस के जरिए 1600 ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की गई. नो पार्किंग, रॉन्ग साइड और रेड लाइट जंप जैसे उल्लंघनों पर विशेष फोकस रखा गया है.**



ट्रैफिक डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शहर के अन्य प्रमुख मार्गों और चौराहों पर भी ड्रोन सर्विलांस का दायरा बढ़ाया जाएगा और नियम तोड़ने वालों पर इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी. पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आरके सिंह के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया जा रहा है. ड्रोन के माध्यम से शहर के प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर पिक ऑवर्स में लगातार नजर रखी जा रही है, जिससे मौके पर ही तुरंत कार्रवाई संभव हो पा रही है. ड्रोन में लगे पीए सिस्टम से नियमों के प्रति लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है. जहां कहीं ट्रैफिक जाम या अव्यवस्था नजर आती है, वहां से कंट्रोल रूम को तुरंत सूचना भेजी जाती है और नजदीकी ट्रैफिक पॉइंट को अलर्ट कर यातायात सामान्य कराया जाता है.

> **चार जोन में अलग-अलग टीमें तैनात...**
>
> यातायात पुलिस ने शहर को चार जोन में बांटकर ड्रोन टीमें लगाई हैं. राजवाड़ा, जवाहर मार्ग, सराफा, खजूरी बाजार, संजय सेतु, नवलखा, पलासिया, एमजी रोड, विजय नगर, रेडिसन सहित अन्य व्यस्त क्षेत्रों में विशेष निगरानी की जा रही है.

## पालतू पशुओं की कैंसर सर्जरी तकनीक काफी उन्नत हुई

▸ तीन दिनी पशु चिकित्सकों का महाकुंभ आरंभ




**इंदौर. पालतू पशुओं में कैंसर सर्जरी की तकनीक पहले से काफी उन्नत हो चुकी है. कीमोथैरेपी और रेडियोथैरेपी में भी सुधार हुआ है, जबकि अब इम्यूनोथेरेपी का उपयोग भी तेजी से बढ़ रहा है. अब इंसानों की तरह ही पेट्स की सर्जरी में रोबोटिक तकनीक का इस्तेमाल शुरू हो चुका है और डायग्नोस्टिक के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग भी बढ़ रहा है.**

प्रदेश और शहर में पहली बार आयोजित 17वीं एफएसएपीएआई इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के दौरान यह बात मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया से आए सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ चार्ल्स कुन्त्ज़ ने कही. ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में फेडरेशन ऑफ स्मॉल एनिमल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएसएपीएआईद्ब) और यूनाइटेड स्मॉल एनिमल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में हो रहे इस आयोजन में दुनिया भर से करीब 2000 विशेषज्ञ शामिल हुए हैं. डॉ चार्ल्स ने विशेषज्ञों की उपलब्धता को लेकर भी उन्होंने चिंता जताई. उनके अनुसार ऑस्ट्रेलिया में 25 मिलियन की आबादी पर करीब 150 स्पेशलिस्ट हैं, जबकि भारत में बड़ी आबादी के बावजूद इस क्षेत्र में विशेषज्ञों की कमी है. राज्य पशु चिकित्सालय भोपाल के सीनियर वेटनरी सर्जन डॉ सुनील कुमार तुमड़िया ने बताया कि सम्मेलन में किडनी से जुड़े मामलों पर भी गहन चर्चा हुई.

> **बोनमैरो ट्रांसप्लांट और किडनी पर विशेष**
>
> ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ नरेंद्र चौहान के अनुसार, कॉन्फ्रेंस में पालतू पशुओं से जुड़ी जटिल बीमारियों जैसे किडनी, आंखों की समस्याएं, गंभीर सर्जरी और बोनमैरो ट्रांसप्लांट जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हो रही है. वैज्ञानिक सत्रों के साथ हैंड्स ऑन वर्कशॉप, इंटरएक्टिव सेमिनार और केस डिस्कशन आयोजित किए गए. खास बात यह रही कि प्रतिभागियों को प्रैक्टिकल ट्रेनिंग भी दी गई . ऑर्गेनाइजिंग कमिटी के प्रेसिडेंट डॉ एचएल साहू ने बताया कि देश-विदेश से आए विशेषज्ञ केस स्टडी के माध्यम से अपने अनुभव साझा कर रहे हैं, जिससे वेटनरी डॉक्टरों को नई तकनीकों और उपचार पद्धतियों की जानकारी मिल रही है. अमेरिका, ब्राजील और यूरोप से आए विशेषज्ञों ने एडवांस तकनीकों और अपने शोध प्रस्तुत किए।

## अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीकों से बीमारियों को रिवर्स करना भी संभव

▸ तीन दिनी इंटरनेशनल ऑर्थोपेडिक कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ



**इंदौर.** आज भी कई बीमारियां ऐसी है, जिनमें जॉइंट रिप्लेसमेंट ही अंतिम इलाज होता है. यह मरीजों के लिए एक लंबी पीड़ादायक प्रक्रिया होती है पर अब अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीकों के जरिए इन बीमारियों को रिवर्स करना भी संभव है. ऐसी ही एक तकनीक है ओजोन थेरेपी.

स्काईलाइन रिजॉर्ट एंड कन्वेंशन सेंटर में शुक्रवार से शुरू हुई तीन दिवसीय 5वीं इंटरनेशनल ऑर्थोपेडिक कॉन्फ्रेंस के दौरान मुंबई से डॉ प्रसन्न शाह ने ओजोन थेरेपी के बारे में बताया कि ओजोन में एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल और एंटीफंगल गुण होते हैं. यह संक्रमण रोकने, ऊतकों में ऑक्सीजन की उपलब्धता बढ़ा कर तेजी से हीलिंग करने के साथ ही आर्थराइटिस या मांसपेशियों के दर्द को कम करने में भी मददगार होता है. वहीं स्ट्रोक या हार्ट अटैक की स्थिति में 48 घंटे में यह इंजेक्शन दे दिया जाए तो ईसीजी रिपोर्ट नार्मल हो जाती है. ओजोन थेरेपी से कई प्रकार के अल्सर में अंगों को बचाया जा सकता है, हिप जॉइंट के एवीएन में बिना जॉइंट रिप्लेसमेंट के इलाज के संभव है, साथ ही घुटनों के ऑर्थराइटिस को रिवर्स भी किया जा सकता है. इनका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता है.

> **बोन मॉडल्स पर हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग**
>
> ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. अरविंद वर्मा जांगिड़ के अनुसार कॉन्फ्रेंस की थीम लर्न टुडे, इम्प्लीमेंट टुमारो रखी गई है, जिसका उद्देश्य नई तकनीकों को सीधे प्रैक्टिस में लाना है. तीन दिनों तक चलने वाली इस कॉन्फ्रेंस में हर दिन 3 से 4 सेशन आयोजित किए जाएंगे. ऑर्गेनाइजिंग प्रेसिडेंट डॉ. एल प्रकाश के मुताबिक कॉन्फ्रेंस में करीब 350 डेलीगेट्स ने हिस्सा लिया. जबकि 42 विशेषज्ञ देश-विदेश से अपनी विशेषज्ञता साझा की.

## गोवर्धन याग- आध्यात्म के साथ साथ विज्ञान का अनूठा संयोग



**इंदौर.** दत्त अवतार नाना महाराज तराणेकर का 33वां पुण्य स्मरण भक्तों द्वारा धूम धाम से नाना महाराज संस्थान सहित सम्पूर्ण भारत वर्ष के अखिल भारतीय त्रिपदी परिवार संस्थाओं में मनाया गया.

तीन दिवसीय इस आयोजन में सम्पूर्ण मध्य प्रदेश के अलावा, महाराष्ट्र, तामिलनाडु, कर्नाटक आदि प्रदेशो से आये भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. संस्थान में पुण्यस्मरण में संगीत सभा, श्री नाना महाराज की महाआरती, त्रिपदी प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय भक्तों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया. संस्था के प्रमुख डॉ बाबा साब तराणेकर ने अपने उद्बबोधन में चैतन्य वाडी कृषि विकास अनुसंधान संस्थान की जानकारी देते हुए बताया कि नाना महाराज ने करीब 70 वर्ष पूर्व तराना, उज्जैन एवं उनके डिस्ट्रिक्ट के साथ आस पास के गाँव मे लोगो के खेतों में 26 से ज्यादा यज्ञ किए थे. श्री बाबा साब ने जानकारी देते हुए बताया कि यज्ञ में उपयोग की जाने वाली जड़ी बूटी और अन्य सामान में थोड़ा बदलाव करके उन्होंने स्वयं महाराष्ट्र में खेतों में गोवर्धन याग किया. जब इस यज्ञ याग करने के बाद खेतो की मिट्टी का वैज्ञानिक प्रशिक्षण किया गया तो यह पाया गया कि यह मिट्टी पहले की तुलना में अत्याधिक उपजाऊ हो जाती है. श्री बाबा साब तराणेकर ने इस प्रकल्प को और अधिक जनउपयोगी बनाते हुए इसे गोवर्धन याग का नाम देते हुए इसे जारी रखने की जानकारी दी जिससे आम जनता में आम जनता को आध्यात्म के साथ साथ वैज्ञानिक लाभ भी मिल सके।

एक नजर में ▸ श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति में समसामयिक कार्यक्रम आयोजित

## समाज की समस्या का निदान समाज ही कर सकता है : कंचन बहन




**इंदौर. श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति में समसामयिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ब्रह्मविद्या मंदिर पवनार, वर्धा की सुश्री कंचन बहन ने विनोबा जी के भूदान यज्ञ के साथ भारतीय ज्ञान परम्परा और भूदान आन्दोलन पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किये.**

कंचन बहन मूलतः बनारस में जन्मीं, विनोबा जी से प्रभावित होकर असम, उड़ीसा, महाराष्ट्र और अन्य प्रांतों में सर्वोदय के लिये काम किया और आज समिति में उन्होंने विनोबाजी के विचारों को प्रस्तुत करके उनकी यादों को ताजा कर दिया. कंचन बहन ने कहा कि विनोबाजी सर्वे भवन्तु सुखिनः तथा सबै भूमि गोपाल की इनको मूर्तरुप दिया, उनका कहना था कि भारत को अपने अध्यात्म के साथ आधुनिक विज्ञान को भी जोड़ना पड़ेगा. जिस देश में महाभारत का उदाहरण, सुई की नोंक बराबर भूमि न देने पर महाभारत हुआ हो, उसी देश में संत विनोबा भावे को हजारों एकड़ की भूमि स्वेच्छा से लोगों ने प्रदान की, जिसमें सिर्फ अमीर लोग ही नहीं रहे बल्कि वो गरीब किसान भी थे जिनके मन में सबको साथ लेकर चलने की भावना थी. विनोबाजी कहते थे कि दान करो मगर मदद की भावना से नहीं, दया की भावना से नहीं बल्कि संग्रह के विभाजन को महत्व देते हुये. उनका कहना था कि समाज की समस्या कोई एक व्यक्ति या शासन नहीं सुलझा सकता, समाज को ही अपनी समस्या का निराकरण करना होगा.

> **नाटक का मंचन किया**
>
> कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सत्यनारायण सत्तन ने कहा कि भारतीय इतिहास में सबसे पहला भूदान का प्रसंग राजा बलि और विष्णु के प्रसंग से जुड़ता है. हमारे आध्यात्मिक चेतना का उद्देश्य रहा कि सभी लोग सुखी हो. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला के प्राध्यापक डॉ. जितेन्द्र जाखेटिया ने विनोबाजी की यादों और उनके कार्यों का स्मरण दिलाया. इस अवसर पर पत्रकारिता विभाग के छात्र-छात्राओं ने मानवता का आरोहण नाटक का मंचन भी किया, जो विनोबा जी की पैदल यात्रा और भूदान से सम्बन्धित विषय पर रहा. अतिथियों का स्वागत प्रधानमंत्री अरविन्द जवलेकर, समाजसेवी अनिल त्रिवेदी, घनश्याम यादव, अरविन्द ओझा ने किया. पत्रकारिता विभाग की प्रमुख डॉ. सोनाली नरगुन्दे का भी समिति ने अभिनंदन किया. संचालन मंत्री डॉ. पुष्पेन्द्र दुबे ने किया. आभार प्रचार मंत्री हरेराम वाजपेयी ने माना.